

## एक नजर में

### आलीराजपुर में कुसुम फसल से रबी तिलहन उत्पादन का नवाचार



**आलीराजपुर** । कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर की पहल से आदिवासी बहुल जिले में पहली बार रबी मौसम में तिलहन फसल कुसुम (*Safflower*) की शुरुआत की गई है। रबी 2025-26 में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत जिले में 95 प्रदर्शन लगभग 40 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए हैं। किसानों को बिना कांटों वाली उन्नत किस्म जे.एस.एफ. 01 उपलब्ध कराई गई तथा 26 अक्टूबर 2025 को वैज्ञानिक प्रशिक्षण दिया गया। कुसुम कम लागत में, सभी प्रकार की मिट्टी में बिना रसायनों के उगाई जाने वाली फसल है। आर्थिक रूप से यह फसल किसानों के लिए लाभकारी है, जिसमें बीज (लगभग 6500 रुपये प्रति क्विंटल) और फूल (500 रुपये प्रति किलो) दोनों से आय प्राप्त होगी। इसके फूलों में औषधीय गुण भी पाए जाते हैं। किसानों के उत्पाद के विपणन एवं भविष्य में कुसुम तेल प्रसंस्करण इकाई स्थापना हेतु कृषि महाविद्यालय, इंदौर की अखिल भारतीय कुसुम परियोजना से सहयोग लिया गया है। यह पहल जिले में तिलहन उत्पादन एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण नवाचार है। उक्त जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर द्वारा दी गई।

### आलीराजपुर की खिलाड़ी वेदिका रावत का इंडिया टीम ट्रायल में चयन



**आलीराजपुर** । जिले की बेटी वेदिका महेश पटेल ने राइफल शूटिंग में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। वेदिका का 10 मीटर एवं 50 मीटर राइफल शूटिंग (सब जूनियर/यूथ वर्ग) में इंडिया टीम ट्रायल के लिए चयन हुआ है। 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद अब वेदिका पुणे में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर कलेक्टर नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह सहित जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई और कहा कि आदिवासी बाहुल्य जिले आलीराजपुर के लिए यह उपलब्धि अत्यंत गर्व का विषय है जिले के खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर अन्य खिलाड़ियों को भी खेल के लिए प्रेरित कर रहे है।उक्त जानकारी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी द्वारा दी गई।

### पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के पात्र हितग्राहियों से की भेंट



**आलीराजपुर।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 29 मई 2021 को कोविड-19 महामारी से प्रभावित बच्चों के कल्याण हेतु पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य उन बच्चों को सहायता प्रदान करना है, जिन्होंने 11 मार्च 2020 से प्रारंभ अवधि के दौरान कोविड-19 महामारी में अपने माता-पिता, कानूनी अभिभावक, दत्तक माता-पिता अथवा जीवित माता-पिता दोनों को खो दिया ह पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत आलीराजपुर जिले के 3 पात्र बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन स्कीम एवं स्पॉन्सरशिप कार्यक्रम के प्रभावी संचालन तथा बच्चों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज हितग्राही बच्चों से व्यक्तिगत भेंट की गई । इस दौरान संयुक्त संचालक (वित्तीय सलाहकार) ममता चंगोड़ एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल द्वारा बच्चों के निवास स्थल पर जाकर उनसे संवाद किया गया। भेंट के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की गई तथा उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जा रही सहायता की जानकारी भी दी गई।

### मेघनगर रोटरी क्लब अपना के पूर्व अध्यक्ष ने भरत मिस्त्री ने किया रक्तदान



**मेघनगर** के प्रसिद्ध जीवन ज्योति हॉस्पिटल में रोटरी क्लब अपना के पुर्व अध्यक्ष रोटरी किंग भरत भाई मिस्त्री ने रक्त दान किया एवं रोटरी क्लब अपना के द्वारा रोटरी क्लब अपना के सदस्यों एवं मिस्त्री के परिजनों द्वारा हॉस्पिटल में मरीजों को चाकलेट बिस्कुट वितरण किये और जीवन ज्योति हॉस्पिटल के डायरेक्टर पि ए थामस व स्टाफ के द्वारा केक काट कर जन्मदिन मनाया इस अवसर पर रोटरी परंपरा अनुसार रोटरी क्लब अपना के अध्यक्ष गोविंद सिंह चौहान के नेतृत्व में सभी रोटेरियन साथी भरत भाई मिस्त्री के निवास पर पहुंचे कर माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी एवं सभी साथियों ने बधाई संदेश में मिस्त्री के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा के भरत भाई मिस्त्री रोटरी क्लब अपना की रिड़ की हड्डी से रोटरी क्लब अपना के सभी स्थाई प्रकल्प को सुचारू रूप से संचालित कर रहे हैं नगर के हर व्यक्तियों को समय पर अपनी सेवा दे रहे हैं आपकी सेवा में कहीं भी लापरवाही का नाम ही नहीं है साथ ही नगर के हर व्यक्ति उनके कार्यों की प्रशंसा ही करता है जिससे सभी रोटेरियन साथियों गर्व होता है .

# कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर में मिलेट्स मेला आयोजित

▶ मोटे अनाजों के व्यंजनों की रही खास प्रतियोगिता

**आलीराजपुर** । कृषि विज्ञान केंद्र आलीराजपुर में आज मिलेट्स (मोटे अनाज) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिलेट्स मेले का आयोजन किया गया। मेले के अंतर्गत मोटे अनाजों से बने पारंपरिक एवं पौष्टिक व्यंजनों की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिलाओं द्वारा मोटे अनाजों से तैयार अनेक प्रकार के व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में महुआ का अचार, विभिन्न प्रकार की चटनियां, मोटे अनाजों से बनी सेव, रोटी, खिचड़ी, दलिया, वड़े, चिले (स्थानीय भाषा मेंताये), उड़द की दाल, मिलेट्स पोहा,सावा की खीर सहित अनेक स्वादिष्ट एवं



पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर नीतू माथुर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती से उत्पादित मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का स्वाद भी लिया। उन्होंने महिलाओं की पहल की सराहना करते हुए कहा कि मोटे अनाज न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मेले के माध्यम से लोगों को मोटे अनाज के पोषण महत्व एवं दैनिक आहार में उनके उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के राकेश यादव, ने सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस मेले में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों का सम्मान भी किया गया ।



# पेंशनरों ने अपने जीवन एवं सेवाकाल के रोचक किस्से सुनाए

▶ प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन का कार्यक्रम आयोजित

**झाबुआ। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र जिला समिति द्वारा स्थानीय थांदला गेट स्थित पेंशनर्स कार्यालय पर 2 पेंशनरों का जन्मदिवस मनाया गया।**

जिसमें प्रहलाद जोशी एवं थामस भूरिया पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी का जन्मदिन होने पर वरिष्ठ संरक्षक विद्याराम शर्मा, डॉ एलएस राठौर एवं अरविन्द व्यास, जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम ताम्रकर एवं जितेन्द्र शाह, जिला सचिव राजेन्द्रप्रसाद जोशी, जिला कोषाध्यक्ष पीडी रायपुरिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने पुष्पमाला से दोनों का स्वागत किया और स्वास्थ्य तथा दिर्घायु होने की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। जिनका जन्मदिन था, उन्होंने अपने जीवन एवं सेवाकाल के रोचक किस्से सुनाए। अरविन्द व्यास, आत्मप्रकाश अरोड़ा, मनोज खाबिया एवं राधेश्याम परमार 'दादुभाई' आदि ने गीत सुनाए। यशवंत त्रिवेदी ने कवि श्री हरिवंशराय बच्चन की प्रसिद्ध कविता मधुशाला का सस्वर पाठ कर सभी से दाद बटोरी। भेरूसिंह चौहान तरंग एवं पीडी रायपुरिया ने भी कविता पाठ किया। वरिष्ठ संरक्षक डॉ एलएस राठौर ने अपने विचारों के साथ आगामी तनाव मुक्त जीवन जीने के उपाय बताए।

#### निवास पर जाकर पेंशनरों का किया सम्मान

25 दिसंबर को सम्मान समारोह में शेष रहे कार्यकारिणी सदस्यों को शाल, श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। 30 दिसंबर को मेघनगर में अमरसिंह नायक एवं 1 जनवरी को हुड़ा क्षेत्र जाकर मो. शकुर, फरिद खां एवं फरिद ख़ान पठान का सम्मान किया गया। जीवन के 75 वर्ष पूर्ण करने वाले बीमार पेंशनरों का सम्मान उनके निवास पर जाकर किया गया। जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी ने पेंशनर्स सम्मान समारोह के शानदार और सफल आयोजन के लिए सभी कार्यकारिणी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं आभार व्यक्त किया।

# शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पांच दिवसीय मेनेजमेंट डेवलपमेंट प्रशिक्षण का आयोजन

▶ 30 विद्यार्थियों ने पंजीयन करवाया

**झाबुआ। स्व. दिलीपसिंह भूरिया शासकीय आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में उद्यमिता विकास केंद्र मप्र द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो पीके उछावर के मार्गदर्शन में 5 दिवसीय मेनेजमेंट डेवलपमेंट प्रशिक्षण का आयोजन 26 दिसंबर-2025 से 1 जनवरी-2026 तक किया गया, जिसमें 30 विद्यार्थियों ने पंजीयन करवा कर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।**



प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को लीगल कंपनी ऑफ फूड प्रोसेसिंग के विषय पर विषय विशेषज्ञ संजय व्यास द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रदीप जैन विषय विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास एवं मार्केटिंग मेनेजमेंट पर मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के आयोजक सेडमैप के जिला समन्वयक कैलाश कर्मा द्वारा विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गया। स्वामी विवेकानंद प्रभारी डॉ पूजा बघेल द्वारा छात्र-छात्रा को प्रशिक्षण हेतु प्रेरित कर उसकी उपयोगिता एवं महत्व पर जानकारी प्रदान की गई।

### रोटरी क्लब 'मेन' द्वारा बच्चों को 100 जोड़ी टेनिस जूते-मोजे एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए

**झाबुआ।** जिला पुलिस विभाग एवं उदय सामाजिक विकास संस्था भोपाल द्वारा स्थानीय डीआरपी लाईन में 'सृजन' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रोटरी क्लब 'मेन' झाबुआ द्वारा बच्चों के लिए 100 जोड़ी टेनिस जूते एवं मोजे तथा बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर रोटरी क्लब 'मेन' से वरिष्ठ रोटेरियन दिनेश सक्सेना, डॉ. यशवंत भंडारी, प्रदीप रूनवाल, क्लब अध्यक्ष मनोज पाठक एवं सचिव डॉ. अंकित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# पेटलावद में बरसेगी नाकोड़ा भैरव की कृपा : जल्द प्रकट होगी अद्भुत प्राचीन प्रतिमा

**पेटलावद।** 'जिसकी प्रार्थना में शक्ति होती है, उस पर ईश्वरीय कृपा अवश्य बरसती है।' यह प्रेरक विचार आचार्य श्री विश्व रत्न सागर सूरिश्वर जी महाराज ने पेटलावद में आयोजित भव्य धर्मसभा के दौरान व्यक्त किए।

नाकोड़ा भैरव मेवा नगर, पेटलावद के विकास हेतु पधारे आचार्य श्री ने एक ऐसी घोषणा की जिसने भक्तों में उत्साह का संचार कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आध्यात्मिक संकेतों के अनुसार, पेटलावद के नाकोडा मेवा नगर के लिए शीघ्र ही एक अद्भुत प्राचीन प्रतिमा प्राप्त होगी। इस प्रतिमा के मिलते ही यह धाम एक भव्य और दिव्य शिल्प के रूप में परिवर्तित हो जाएगा।

कर्म सिद्धांत और देव कृपा का संगम = आचार्य श्री नवरत्न सागर सुरेश्वर जी के प्रथम शिष्य, आचार्य विश्व रत्न सागर जी ने जैन दर्शन की गहराई को समझाते हुए कहा कि जैन दर्शन केवल चमत्कार में नहीं, बल्कि कर्म सिद्धांत पर विश्वास करता है।

जैसे एक कुशल वकील केस जिता देता है और एक योग्य ड्राइवर मंजिल तक पहुंचा देता है, वैसे ही नाकोड़ा भैरव जैसे 'सम्यक दृष्टि' देव संकट के समय योग्य निमित्त बनकर हमें उबारते हैं।तीर्थंकर मोक्ष में हैं, वे सीधे हस्तक्षेप नहीं करते, परंतु देवों की कृपा से शुभ संयोग बनते हैं और कार्य सिद्ध होते हैं।

सभा को संबोधित करते हुए युवा संत श्री उत्तम रत्न सागर जी ने कहा कि जो व्यक्ति जमीन से जुड़ा रहता है, उसी पर गुरु कृपा होती है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'बड़े पेट वाला' यानी अहंकारी व्यक्ति कभी किसी के गले नहीं मिल सकता। भक्ति के लिए सरल हृदय होना अनिवार्य है।

आचार्य श्री के आगमन पर समूचा पेटलावद जैन समाज और नाकोड़ा भक्त श्रद्धा के रंग में रंगे नजर आए। गायत्री मंदिर से गाजे-बाजे के साथ महाराज श्री को 'चौकी' तक लाया गया।

# सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर समान प्राथमिकता दी जाए

▶ राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने अधिकारियों को दिए निर्देश,

**आलीराजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में आज राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गई। इस बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, नगरीय सर्वेक्षण तथा सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों की अधिकारीवार प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण केवल औपचारिकता नहीं



बल्कि गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में होना चाहिए।

बैठक में कलेक्टर माथुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 3 माह से 6 माह के कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर भी समान प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब राजस्व प्रकरणों की मासिक समीक्षा की जाएगी।

#### लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी

कलेक्टर माथुर ने सभी अधिकारियों को राजस्व वसूली लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने पर नाराजगी जताई तथा स्पष्ट कहा कि लक्ष्य विरुद्ध इसकी प्रगति करना सुनिश्चित करें इसकी समीक्षा 15 दिन बाद वापस की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि राजस्व प्रकरणों को गंभीरता से लेकर सभी अधिकारी निराकरण करना सुनिश्चित करे,लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपने अपने कार्यक्षेत्र के छात्रावास,अस्पताल, उचित मूल्य केंद्र का नियमित निरीक्षण करे। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री मनोज गरवाल, श्री वीरेंद्र बघेल, श्री तपीस पांडे, सुश्री निधि मिश्रा,सभी तहसीलदार सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

एक नजर में ▶ मेघनगर में शासकीय रेलवे पुलिस के तत्वावधान में आयोजित हुई

# मेघनगर में 'पटरी की पाठशाला' एवं 'हमारी सवारी-भरोसे वाली' का शुभारंभ

**मेघनगर .झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना एवं एसपी रेलवे पद्म विलोचन शुक्ल की गरिमामयी उपस्थि झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना एवं पुलिस अधीक्षक रेलवे इंदौर पद्म विलोचन शुक्ल ने आज मेघनगर में शासकीय रेलवे पुलिस के तत्वावधान में आयोजित 'पटरी की पाठशाला' एवं 'हमारी सवारी-भरोसे वाली' योजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया।**

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थितजनों द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर नेहा मीना का गर्मजोशी से ढोल मांदल की थाप पर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर नेहा मीना एवं एसपी रेलवे श्री पद्म विलोचन शुक्ल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर समाज सुधार संगठन के श्यामा ताहेड व सदस्यों द्वारा अतिथियों का पगड़ी पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि इस प्रकार की अभिनव पहल के लिए आप एवं आपकी पूरी टीम बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 'हमारी सवारी-भरोसे वाली' जैसी योजना अत्यंत सराहनीय है। इस पहल के अंतर्गत यात्रा के उपरांत ऑटो पर लगे क्यूआर कोड के माध्यम से आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त की जा सकेगी, जिसे परिवारजनों के साथ भी साझा किया जा सकता है।

कलेक्टर ने कहा कि यह नवाचार प्रत्येक स्टेशन पर लागू किया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस दिशा में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी शिक्षित है, अपनी संस्कृति एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को समझती है और ऐसे सकारात्मक प्रयासों में निश्चित रूप से सहयोग करेगी।

एसपी रेलवे पद्म विलोचन शुक्ल ने अपने उद्बोधन में कहा कि रेलवे स्टेशन के आसपास की बस्तियों में निवासरत बच्चों के लिए 'पटरी की पाठशाला' एक अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक पहल है। इस पहल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों (मोरल वैल्यूज़), नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी तथा अपराधों के प्रति जागरूकता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे विद्यालय नहीं जा रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा रहा है। इस क्रम में इंदौर में 3 बच्चों का विद्यालय में प्रवेश कराया गया है,

उज्जैन की टीम द्वारा एक दिव्यांग बच्ची का स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित किया गया है, प्रशासन के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को ट्राइसाइकिल भी उपलब्ध कराई जा रही है।

इसके अतिरिक्त महू (रूद्धश्2) में बच्चों के विद्यालय में प्रवेश के दौरान आर्मी का सहयोग प्राप्त हुआ है। इस पहल की शुरुआत अब रतलाम में भी की जा चुकी है।

'हमारी सवारी-भरोसे वाली' से यात्रियों को सुरक्षित परिवहन

एसपी रेलवे ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'हमारी सवारी-भरोसे वाली' योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत क्यूआर कोड के माध्यम से यात्रियों को सुरक्षा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा सत्यापित (वेरिफाइड) ऑटो चालकों को प्रदान की जाएगी, जिससे यात्रियों को सुरक्षित एवं भरोसेमंद यात्रा सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि यह योजना इंदौर में 100 ऑटो के साथ प्रारंभ की गई है तथा उज्जैन, रतलाम एवं महू में भी लागू की जा चुकी है। अब झाबुआ में भी इसकी शुरुआत की जा रही है।

एसपी रेलवे ने कहा कि इन पहलों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों तक शिक्षा पहुँचाने, बच्चों को अपराध से दूर रखने तथा यात्रियों की सुरक्षा को मजबूत करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वही सेंट आर्नोल्ड स्कूल की बालिका निष्ठा द्वारा बनाई गई पेंटिंग की कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक द्वारा सरहाना की गई

कार्यक्रम के दौरान भामल की टीम द्वारा पटरी की पाठशाला एवं हमारी सवारी-भरोसे वाली योजनाओं की जागरूकता को लेकर सुंदर एवं प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।

कार्यक्रम के अंत में मीडिया साथियो , समाज सुधार समिति के सदस्यों सुरक्षा समिति के सदस्यों को सहभागियों को प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। तो वही स्कूली बच्चों द्वारा बनाई गई ड्राईंग की एसपी श्री शुक्ल द्वारा सराहना की गई , व गिफ्ट वितरण किये गए आभार जीआरपी थाना प्रभारी ममता अलावा द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन पूनम शर्मा सब इंस्पेक्टर इंदौर द्वारा किया गया